# क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (रा.शै. अनु.प्र. परि.), भुवनेश्वर

## Regional Institute Of Education, (NCERT) Bhubaneswar

कार्यवृत्त

क्रमांक - 160

दिनांक : 03.08.2021

संस्थान में दिनांक 28जून, 2021 को अपराह्न 3 बजे संस्थान के ऑनलाईन माध्यम में 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की तिमाही बैठक का आयोजन संस्थान के प्राचार्य महोदय प्रो.प्रकाश चंद्र अग्रवाल जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें निम्नवत सदस्य उपस्थित हुए :-

1 **उपस्थिति**:-

1. प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य एवम् अध्यक्ष
2. डॉ.श्रीमती गौरम्मा आई.पी., अध्यक्ष, शिक्षा विभाग और वार्ड़न, गोपबंधु छात्रावास
3. डॉ. श्रीमती पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
4. श्री अखिलेश्वर मिश्र, प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक विद्यालय
5. श्रीमती ऊषा कपूर, प्रशासनिक अधिकारी
6. मो.गुलाम रहबर, स्नातकोत्तर अध्यापक, (इतिहास)
7. श्री पंकज कुमार मिश्र, स्नातकोत्तर अध्यापक, हिंदी ( समन्वयक सद्स्य)
8. डॉ.श्रीमती प्रियतमा कुमारी सिंह, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापिका (हिंदी)
9. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी, (स्थापना अनुभाग)
10. श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी, ( परिसर एवम् कल्याण अनुभाग)
11. श्री श्री कुमार त्रिपाठी, लेखाकार
12. श्री जीतेंद्र कुमार सतपथी, अवर श्रेणी लिपिक

2. **स्वागत**:-बैठक के आरंभ में श्री पंकज कुमार मिश्र, समन्वयक सदस्य ने अध्यक्ष महोदय के साथ-साथ उपस्थित गणमान्य सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने सूचित किया कि पिछली बैठक का कार्यवृत्त सभी सदस्यों को भेजा जा चुका है।

3. **अध्यक्ष महोदय की तरफ़ से उद्बोधन**: समिति के माननीय अध्यक्ष महोदय, प्रो.प्रकाशचंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में राजभाषा के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु हर संभव प्रयास करने और हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने की बात कही। उन्होंने सभी सदस्यों को संस्थान में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए बनी इस समिति हेतु तथा संवैधानिक दायित्वों के भलीभाँति निर्वहन के लिए हृदय से जुड़कर कार्य करने की प्रेरणा दी, साथ ही उन्होंने राजभाषा नियमों, अधिनियमों, तथा परिषद या नराकास से प्राप्त लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु और आदेशों के अक्षरशः अनुपालन पर जोर दिया।

4. **अनुवर्ती कार्रवाई**:- समिति समन्वयक श्री पंकज कुमार मिश्र नें दिनांक 10.03.2021 की तिमाही बैठक में रखे गए प्रस्तावों और उन पर लिए गए निर्णयों, कार्य लक्ष्यों की अनुवर्ती कार्रवाई से समिति को अवगत कराया जो निम्नवत है:-

| क्र. | कार्रवाई बिन्दु | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1 | राजभाषा विभाग (हिंदी प्रकोष्ठ) के लिए अलग ई मेल का सृजन। | राजभाषा विभाग (हिंदी प्रकोष्ठ) के लिए (CAC) अनुभाग द्वारा नए ईमेल का सृजन किया जा चुका है। उसकी जानकारी परिषद के हिंदी प्रकोष्ठ तथा संस्थान में समस्त जनों को प्रेषित की जा चुकी है। |
| 2 | संस्थान के लिए अनुवादक के पद का सृजन। | कार्रवाई अपेक्षित- (स्थापना अनुभाग) |
| 3 | संस्थान के कार्मिकों हेतु द्विभाषी परिचय पत्र। | कार्रवाई अपेक्षित- (भंडार अनुभाग) |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | संस्थान में 'हिंदी प्रकोष्ठ' हेतु नए कक्ष आवश्यक सामग्री और कार्मिकों की पदस्थापना। | नए कक्ष और आवश्यक सामग्री का कार्य प्रगति पर है। |
| 5 | सभी विभागों, अनुभागों के प्रपत्रों का द्विभाषी किया जाना । | कार्य प्रगति पर है।-समस्त विभाग, अनुभाग |
| 6 | हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी | कार्रवाई अपेक्षित (पुस्तकालय विभाग) |
| 7. | विभागों/अनुभागों की नाम पट्टिका तथा मार्गदर्शक संकेत चिह्न द्विभाषी बनाना | नाम पट्टिकाएँ द्विभाषी हैं और मार्गदर्शक संकेत चिह्न बनाए जा चुके हैं और उन्हें लगाया जा रहा है। |
| 8 | मोहरें फ़ाइल शीर्ष, रजिस्टर को द्विभाषी बनवाना | कार्य समस्त विभागों, अनुभागों में प्रगति पर है। |
| 9 | संस्थान के समस्त कार्मिकों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन। | संस्थान के समस्त कार्मिकों हेतु एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा चुका है। |
| 10 | राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रमों, लक्ष्यों को संस्थान के वेबसाइट पर डाला जाना । | वार्षिक लक्ष्य संस्थान के वेबसाइट में डाले जा चुके हैं। |
| 11 | वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित शब्दकोश को क्रय किया जाना। | कार्य प्रगति पर है अतिशीघ्र शब्दकोश को आयोग के बिक्री अनुभाग से क्रय किया जाएगा। |
| 12 | संस्थान तथा उससे जुडे प्रायोगिक विद्यालय में महापुरुषों/विद्वानों/ साहित्यकारों के हिंदी भाषा से संबंधित विचारों/कथनों को गलियारों, भित्तियों में पट्टिकाओं द्वारा प्रदर्शन। | कार्रवाई प्रगति पर है। |

5.1 **संस्थान के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना को लागू करने तथा मूल्यांकन समिति के गठन से संबंधी।**

परिषद के हिंदी प्रकोष्ठ से हिंदी प्रोत्साहन पुरस्कार योजना संबंधी प्राप्त परिपत्र के अनुसार इस योजना का क्रियान्वयन संस्थान स्तर पर कर दिया गया है। इस संबंध में प्राप्त परिपत्र को सभी विभागों और अनुभागों में परिचालित किया गया। योजना के सुचारू क्रियान्वयन हेतु अध्यक्ष महोदय ने इस योजना के परिपत्र को पुन: परिचालित करने, हर एक कर्मचारी तक इस योजना की जानकारी को सुनिश्चित करने पर बल दिया साथ ही कार्मिकों को प्रोत्साहित करने और हिंदी में ज्यादा से ज्यादा काम करने की सलाह दी। उन्होंने परिपत्र के योजना के मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन समिति के गठन की बात भी कही ।

5.2 **संस्थान में 'हिंदी प्रकोष्ठ' हेतु नए कक्ष आवश्यक सामग्री और कार्मिकों की पदस्थापना।**

श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी, ( परिसर एवम् कल्याण अनुभाग) ने बताया कि संस्थान के हिंदी प्रकोष्ठ के लिए नए कक्ष के रूप में संस्थान के कक्ष क्रमांक 62 को चिह्नित कर उसका अनुमोदन किया जा चुका है। आवश्यक सामग्री माँग के अनुरूप यथोचित पूर्ति की जाएगी।

5.3 **वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित शब्दकोश को मंगाए जाने तथा उसे समस्त विभागों अनुभागों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को वितरण।**

संस्थान के कार्मिकों के हिंदी संबंधी कार्य को सरल और सुगम बनाने और उनके कार्यालयीन, प्रशासनिक शब्द भंडार में वृद्धि हेतु वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित मानक शब्दकोश को मँगवाने और उसे समस्त विभागों, अनुभागों में वितरण का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया था। सभापति महोदय ने समन्वयक सदस्य को संबंधित विभाग से शीघ्र संपर्क करने और इस पर शीघ्रता से कार्रवाई करने का सुझाव भी पिछली बैठक में दिया था साथ ही आपने समन्वयक श्री मिश्र को प्रशासनिक शब्दावली की माँग को जरूरत और औचित्य के अनुसार माँग पत्र प्रस्तुत करने की भी सलाह दी। इस

बारे में समन्वयक ने बताया कि आयोग के बिक्री विभाग को पत्र भेजा गया प्रति उत्तर में आयोग से शब्दावली क्रय करने संबंधी नियमावली प्राप्त हुई और शब्दावली की प्रतियाँ मँगवाने का कार्य प्रगति में है।

5.4 **प्रायोगिक विद्यालय के प्राथमिक विभाग में पदस्थ नए अध्यापकों को राजभाषा कार्यान्वयनसमिति का सदस्य बनाना;-**

इस बारे में बैठक में पुनः चर्चा की गई और श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी (स्थापना) ने समन्वयक को सलाह दिया कि नए सदस्य बनाए जाने के बारे में आवश्यक नियम यथा- सदस्य संख्या, गणपूर्ति (कोरम) आदि को ध्यान में रखा जाए। जिस पर समन्वयक आवश्यक आगामी कार्य नियमानुसार करेंगे।

**अन्य विषय :-**

बैठक में एक बार पुनः हिंदी पत्राचार को चिंन्हित करने और हिंदी पत्राचार को बढ़ावा देने के लिए यह भी निर्णय लिया गया कि संस्थान के सभी विभाग और अनुभाग हिंदी पत्रों के आवक-जावक के लिए एक अलग से रजिस्टरों का संधारण करेंगे जिसमें हिंदी में प्राप्त पत्रों और उनका हिंदी में दिए गए उत्तरों का समुचित ब्यौरा होगा। अध्यक्ष महोदय एवम् प्रशासनिक अधिकारी महोदया ने हिंदी में प्राप्त पत्रों का 100%जवाब हिंदी में देने की बात कही ।साथ ही राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के तहत समस्त अभिलेखों को द्विभाषी जारी करने पर विशेष बल दिया।प्रशासनिक अधिकारी महोदया ने हिंदी में ज्यादा से ज्यादा से टिप्पणीलेखन, पत्राचार आदि करने हेतु सभी सदस्यों को आग्रह किया। श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी, (परिसरएवम् कल्याण) ने बैठक में जानकारी साझा करते हुए यह बताया कि परिसर में मार्गदर्शक संकेत चिह्न जो कि त्रिभाषा ( ओडिया, हिंदी, अंग्रेजी) में तैयार किए गए हैं उन्हें परिसर में लगाया जा रहा है।

6. **अध्यक्षीय संबोधन:-** समिति के अध्यक्ष महोदय प्रो. प्रकाशचंद अग्रवाल जी ने संस्थान में हिंदी भाषा से संबंधित सभी नियमों के अनुसार कामकाज करने पर जोर दिया एवम् सभी नियमों को अक्षरशः सुनिश्चित करने की बात भी कही साथ ही अध्यक्ष महोदय द्वारा संस्थान में हिंदी भाषा के विकास हेतु सभी जनों से हिंदी में राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नराकास और परिषद के मार्गदर्शन के अनुरूप अधिकाधिक कार्य करने की अपील की गई।

7. **धन्यवाद ज्ञापन** -बैठक के अंत में डॉ श्रीमती प्रियतमा कुमारी सिंह, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका, हिंदी ने माननीय अध्यक्ष तथा उपस्थित समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

प्रकाश चंद्र अग्रवाल
प्राचार्य

प्रति प्रेषित:-

1. प्राचार्य महोदय
2. राजभाषा कार्या. समिति के समस्त सदस्य/हिंदी प्रकोष्ठ, परिषद
3. कार्यालय प्रति

(4) संस्थान की वेबसाइट में अपलोड हेतु
(5) संस्थान के वेबसाइट पर अपलोड करना है।

पी.के. राय
प्र.प्र.अ.
16/8/21

may pl. be uploaded

[signature]
16.8.21

Apurba